# पाठ-8 हमारा पड़ोसी देश -नेपाल

## पाठ विश्लेषण ,शब्दार्थ

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




CLASS: V
SESSION NO : 8
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER:8
TOPIC: पाठ-8 हमारा पड़ोसी देश -नेपाल
SUB TOPIC: पाठ विश्लेषण ,शब्दार्थ




Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# शिक्षण उद्‌देश्य

- छात्रों में मौखिक तथा लिखित अभिव्यक्तियों के ग्रहण करने की कुशलता का विकास करना ।
- भारत के मित्र  देश नेपाल के बारे में जानकारी देना ।
- पाठ में निहित मूलभाव  से परिचित कराना ।




# पाठ -8 हमारा पड़ोसी देश - नेपाल

## चिंतन-मनन

नेपाल हमारा पड़ोसी देश है। इस देश के साथ भारत के संबंध मैत्रीपूर्ण हैं। यहाँ के निवासी गोरखे साहसी, मेहनती और बहादुर होते हैं। बहादुर सैनिकों के रूप में तो पूरा संसार इन्हें जानता है। पड़ोसी देशों को जानना ज़रूरी है जिससे वहाँ की कला, संस्कृति, आबो-हवा के बारे में जानकारी मिल सके।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow






ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अठारहवीं सदी में गोरखा इलाके के राजा पृथ्वीनारायण शाह ने स्वतंत्र नेपाल की स्थापना की थी । काठमांडू में पशुपतिनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है। हज़ारों भारतीय यहाँ तीर्थयात्रा करने आते हैं। हिमालय की गोद में बसे इस देश की शोभा न्यारी है। पहाड़ों के बीच से रास्ता बनाने वाली नदियों ने नेपाल को सुरम्य घाटियों और तराइयों का देश बना दिया है। संसार की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट तथा गौरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी बर्फ से ढँकी चोटियाँ भी यहीं हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow





यहाँ का पालतू तथा बहु-उपयोगी जानवर 'याक' है। याक के अलावा पालतू जानवरों में गाय, बैल, भैंसें, भेड़ें और बकरियाँ हैं। बहुत ऊँचे इलाके में कस्तूरी मृग पाया जाता है। इसकी सुगंध तेज़ होती है। यह औषधीय भी है। नेपालवासियों का प्रमुख व्यवसाय खेती है । तराई और उससे कुछ ऊँचाई वाले इलाकों में धान के हरे-भरे खेत दिखाई देते हैं।





नेपाल में कोयला, ताँबा, गंधक, सीसा और लोहे जैसे कीमती खनिज पदार्थ मिलते हैं लेकिन बड़े पैमानों पर कारखाने अभी शुरू नहीं हुए हैं। नेपाल के मुख्य निवासी गोरखे और शेरपा हैं। गोरखों का कद मझोला होता है लेकिन शरीर से वे हट्टे-कट्टे होते हैं। उनकी नाक चपटी होती है और गालों के ऊपर की हड्डियाँ कुछ उठी होती हैं। आँखें छोटी और माथा सँकरा होता है। उनका रंग गेहुँआ पीला होता है। 'खुखरी' इनका प्रिय हथियार है। गोरखा लोग वीर होते हैं। भारतीय सेना दल में 'गोरखा रेजीमेंट' का बहुत महत्व है।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow





नेपाल की दूसरी प्रसिद्‌ध जाति ‘शेरपा' है। संसार की सबसे ऊँची चोटी 'माउंट एवरेस्ट' पर चढ़ने वाले सबसे पहले पर्वतारोही तेनजिंग शेरपा हैं। शेरपा लोग परिश्रमी होते हैं। वजनी सामान पीठ पर लादकर वे आसानी से पहाड़ों पर चढ़ जाते हैं।

नेपालियों के घर लकड़ी और बाँस से बने होते हैं लेकिन ऊँचे पहाड़ी क्षेत्रों में मकान पत्थर के बनाए जाते हैं और उनकी छतें स्लेट की होती हैं। काठमांडू नेपाल की राजधानी है। पशुपतिनाथ मंदिर के कारण यह तीर्थस्थल बन चुका है। पाटन में मत्स्येंद्रनाथ का मंदिर है। 'लुंबिनी' भगवान बुद्‌ध का जन्म स्थल है इसलिए यहाँ बौद्‌ध धर्म का प्रचार-प्रसार है।





नेपाल में हिंदुओं की संख्या सबसे अधिक है । दीपावली, दशहरा आदि त्योहार यहाँ उत्साह से मनाए जाते हैं। महाशिवरात्रि के दिन पशुपतिनाथ के दर्शन करने कई श्रद्धालु काठमांडू जाते हैं। हिंदुओं के बाद बौद्धों का क्रम आता है। नेपाल में बौद्ध स्तूप काफ़ी संख्या में हैं। भारतीय जीवन-शैली और नेपालियों की जीवन-शैली में काफ़ी समानता है।भारत और नेपाल के हज़ारों वर्ष पुराने संबंध हैं। वर्तमान समय में भी इन दोनों देशों के बीच मैत्री का भाव है ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| सुरम्य | बेहद सुंदर |
| सुगंध | खुशबू |
| सँकरा | कम चौड़ाई वाला |
| मझोला | मध्यम |
| परिश्रमी | मेहनती |
| बाँस | घास की प्रजाति का पौधा |
| बौद्ध स्तूप | गौतम बुद्ध के शरीर के अंगों को रखने के लिए ईंट या मिट्टी से बना ऊँचा ढेर |

# गृहकार्य

शब्दार्थ को कक्षा  कार्य कॉपी में दो बार लिखिए ।

# शिक्षण प्रतिफल

छात्रों में पठन अभ्यास विकसित होना तथा उच्चारण में शुद्‌धता आना एवं पाठ के मूल भाव के बारे में जानकारी प्राप्त होना।

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP